**म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड**
**26- अरेरा हिल्स, किसान भवन, भोपाल**

क्रमांक/मंडी बोर्ड/प्रांगण/2021-22/विविध/46-71/375 भोपाल, दिनांक 11/04/2022

प्रति

सचिव,
कृषि उपज मंडी समिति,
...................... (समस्त)

विषयः- दिनांक 13.04.2022 को कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेन्शन सेन्टर, भोपाल में महामहिम राज्य पाल महोदय, गुजरात सरकार एवं मान. मुख्यमंत्री जी के आतिथ्य में **"शून्य बजट प्राकृतिक कृषि पद्धति"** पर एक दिवसीय कार्यशला का आयोजन के संबंध में।

संदर्भः- प्रमुख सचिव म.प्र. शासन किसान कल्याण तथा कृषि विकास भोपाल का पत्र क्रमांक/ज.खे./कार्यशाला/2022-23/776 तथा 774 दिनांक 06.04.2022

उपरोक्त विषयांतर्गत संदर्भित पत्र के माध्यम से शून्य बजट की प्राकृतिक खेती में मध्यप्रदेश को देश का अग्रणी राज्य बनाने हेतु महामहिम राज्यपाल महोदय, गुजरात सरकार, महामहिम राज्यपाल महोदय मध्यप्रदेश एवं मान. मुख्यमंत्री जी के आतिथ्य में शासन द्वारा कुशाभाऊ ठाकरे इंटरलेशनल कन्वेन्शन सेन्टर भोपाल में दिनांक 13 अप्रैल 2022 को **"शून्य बजट प्राकृतिक कृषि पद्धति"** पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन का निर्णय लिया गया है। इस कार्यशाला में विभिन्न संबंधित विभागों के अधिकारीगण विषय विशेषज्ञ स्वयं संस्थाओं/गैर शासकीय संगठनों के प्रतिनिधि भी सम्मलित होंगें।

उक्त आयोजित कार्यक्रम समय 11:30 बजे से डी डी किसान/ डी डी नेशनल से सीधा लाईव प्रसारण तथा ऑनलाईन बेवकास्ट किया जायेगा जिसके लिये पृथक से लिंक उपलब्ध कराई जावेगी।

अतएव समस्त मंडी सचिव जिला कलेक्टर के निर्देशन तथा उप संचालक कृषि से समन्वय स्थापित कर उक्त कार्यक्रम में अधिक से अधिक कृषक भाईयों की सहभागिता सुनिश्चित करते हुये उक्त कार्यक्रम के प्रसारण की व्यवस्था मंडी प्रांगण में बड़े आकार की **LED/TV** स्थापित किये जाने की कार्यवाही अपने स्तर से करें। कार्यक्रम पूर्ण होने के उपरांत आंचलिक कार्यालय के माध्यम से ई-मेल तथा वाट्सएप पर फोटो एवं प्रतिवेदन भेजें।

संलग्न- संदर्भित पत्रों की प्रतियां।

(विकास नरवाल)
प्रबंध संचालक सह-आयुक्त
म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल



*Ujjain Div. Letter*

क्रमांक/मंडी बोर्ड/प्रांगण/2021-22/विविध/46-71/376 भोपाल, दिनांक 11 /04/2022

<u>प्रतिलिपि</u>:-

1. अपर मुख्य सचिव सह कृषि उत्पादन आयुक्त, म.प्र. शासन, मंत्रालय भोपाल।
2. अपर मुख्य सचिव, म.प्र. शासन किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग मंत्रालय भोपाल।
3. प्रमुख सचिव, माननीय मुख्यमंत्री म.प्र. शासन, मंत्रालय भोपाल।
4. जिला कलेक्टर म.प्र. (समस्त)
5. निज सचिव, माननीय मंत्रीजी, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग, म.प्र. शासन।
6. अपर संचालक, संचालनालय किसान कल्याण तथा कृषि विकास विन्ध्याचल भवन, भोपाल।
7. संचालक कृषि अभियांत्रिकी भोपाल।
8. संयुक्त/उप संचालक (कृषि)/म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड संभाग-------(समस्त)

प्रबंध संचालक सह-आयुक्त
म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल

**मध्यप्रदेश शासन**
**किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग**
**मंत्रालय, भोपाल**

क्रमांक/जै.खे./कार्यशाला/2022-23/ 778 भोपाल,दिनांक 6-4-2022

प्रति,

प्रबंध संचालक
म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड (मण्डी)
भोपाल

विषय :- दिनांक 13.04.2022 को कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेन्शन सेन्टर, भोपाल में महामहिम राज्यपाल महोदय, गुजरात सरकार एवं मान. मुख्यमंत्री जी के आतिथ्य में **"शून्य बजट प्राकृतिक कृषि पद्धति"** पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन।

--00--

विषयान्तर्गत शून्य बजट की प्राकृतिक खेती में मध्यप्रदेश को देश का अग्रणी राज्य बनाने हेतु महामहिम राज्यपाल महोदय, गुजरात सरकार, महामहिम राज्यपाल महोदय, मध्यप्रदेश एवं मान. मुख्यमंत्री जी के आतिथ्य में शासन द्वारा कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेन्शन सेन्टर, भोपाल में दिनांक 13 अप्रैल 2022 को **"शून्य बजट प्राकृतिक कृषि पद्धति"** पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन का निर्णय लिया गया है। इस कार्यशाला में विभिन्न संबंधित विभागों के अधिकारीगण, विषय विशेषज्ञ, स्वयंसेवी संस्थाओं/गैर शासकीय संगठनों के प्रतिनिधि भी सम्मिलित होंगे।

उक्त कार्यक्रम हेतु दो करोड़ की राशि प्रस्तावित की गयी है, जिसकी प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त करने की कार्यवाही प्रचलन में है। इस कार्यक्रम के कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेन्शन सेन्टर, भोपाल में गरिमा पूर्ण आयोजन एवं कार्यक्रम में सम्मिलित होने वाले प्रतिभागियों/कृषकों के परिवहन एवं भोजन आदि की व्यवस्था हेतु एवं इस कार्यक्रम के सीधे प्रसारण के माध्यम से जिले के कृषकों की सहभागिता कराने के लिए सभी जिलों में जिला मुख्यालय पर कार्यक्रम आयोजन हेतु प्रत्येक जिले को एक-एक लाख रूपये की राशि संबंधित मंडी सचिव को उपलब्ध कराने की कार्यवाही की जावे।

(के.सी. गुप्ता)
प्रमुख सचिव
मध्यप्रदेश शासन
किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग

Letter /AD (DKN)/ 12
Dt. 06/04/22 Sign..........

Scanned with CamScanner

मध्यप्रदेश शासन
किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग
मंत्रालय भोपाल

क्र./ जै.खे./कार्यशाला/2022-23/776 भोपाल, दिनांक 06/04/2022

//आदेश//

माननीय राज्यपाल महोदय, गुजरात, माननीय राज्यपाल महोदय, मध्यप्रदेश एवं माननीय मुख्यमंत्री जी, मध्यप्रदेश शासन की गरिमामयी उपस्थिति में "शून्य बजट प्राकृतिक कृषि पद्धति" पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन दिनांक 13.04.2022 को कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेन्शन सेन्टर, भोपाल में किया जा रहा है। इस कार्यशाला के सफल आयोजन हेतु विभाग प्रमुखों को निम्नानुसार अंकित कार्यों/दायित्वों को सौंपा जाता है:-

| क्र. | विभाग प्रमुख | आवंटित कार्य एवं दायित्व |
|---|---|---|
| 1 | प्रबंध संचालक सह आयुक्त, मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड, भोपाल | 1. कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेन्शन सेन्टरमें कार्यक्रम हेतु आरक्षण करवाना, बैठक व्यवस्था, मंच व्यवस्था ,Venue management, Live Telecast Arrangement.<br>2. इंटरनेट व्यवस्था, वर्चुअल मीटिंग, प्रस्तुतिकरण की व्यवस्था।<br>3. अतिथियों के लिए स्वल्पाहार एवं भोजन आदि की व्यवस्था।<br>4.कार्यक्रम का संचालन, उद्घोषक, स्वागत एवं स्मृति चिन्ह की व्यवस्था। |
| 2 | संचालक, किसान कल्याण तथा कृषि विकास, भोपाल | 1. मिनिट-टू-मिनिट का अनुमोदन (Approval).<br>2. कार्यक्रम में भाग लेने वाले अतिथियों की सूची<br>3. कंसेप्ट नोट तैयार करना।<br>4. मुख्य सचिव, कृषि उत्पादन आयुक्त एवं अपर मुख्य सचिव, कृषि हेतु फोल्डर।<br>5. अतिथियों को आमंत्रण पत्र प्रेषित करना।<br>6.जिले के उन्नत कृषकों को कार्यक्रम में शामिल कराना।<br>7. वीडियोग्राफी, फोटोग्राफी एवं प्रचार-प्रसार व्यवस्था ।<br>8. जिला स्तरीय कार्यक्रमों का आयोजन।<br>9. राज्य स्तरीय प्रोटोकॉल ऑफिसर एवं पुलिस व्यवस्था।<br>10.कार्यवाही विवरण तैयार करना। |
| 3 | संचालक, कृषि अभियांत्रिकी, भोपाल | 1. कार्यक्रम में भाग लेने वाले अतिथियों से समन्वय कर दौरा कार्यक्रम प्राप्त करना एवं उनके ठहरने एवं वाहन की व्यवस्था।<br>2. अतिथियों के साथ संपर्क अधिकारी की व्यवस्था। |

इस कार्यक्रम हेतु समन्वय का कार्य संचालक, किसान कल्याण तथा कृषि विकास के द्वारा किया जावेगा।

JD(Adm) 6/4/22

Letter /AD (DKN)/......II......
Dt.06/04/22,..Sign..........

(के.सी. गुप्ता)
प्रमुख सचिव
मध्यप्रदेश शासन
किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग

Scanned with CamScanner